Education Bureau
The Government of the
Hong Kong Special Administrative Region
of the People's Republic of China

किंडरगार्टन शिक्षा नीति
गैर-चीनी भाषी बच्चों के लिए समर्थन

गैर-चीनी भाषी (NCS) बच्चों द्वारा आरंभ में ही चीनी भाषा सीखने से उन्हें मुख्य धारा के पाठ्यक्रम को अपनाने और स्थानीय समुदाय में घुलने मिलने में सहायता मिलेगी। NCS बच्चों के माता-पिता को प्रेरित किया जाता है कि वे जितना जल्दी हो सके चीनी भाषा के गहन वातावरण वाले किंडरगार्टनों (KGs) में अपने बच्चों को भेजें जिससे कि चीनी भाषा सीखने में उनकी मदद की जा सके। इस संबंध में, सरकार ने KGs में NCS बच्चों के लिए अनेक समर्थन उपाय आरंभ किए हैं।

In case of any discrepancy between the English version and the other language version, the English version shall prevail.
(2022 अद्यतनीकृत संस्करण) Hindi

किंडरगार्टनों में गैर-चीनी भाषी बच्चों के लिए समर्थन उपाय

KGs में प्रवेश

- सभी KGs को बच्चों की जाति, लिंग और क्षमता पर ध्यान दिए बिना सभी बच्चों के लिए भर्ती में समान अवसर सुनिश्चित करने चाहिए और उनकी स्कूल आधारित भर्ती प्रणाली निष्पक्ष, न्यायोचित, खुली और भेदभाव रोधी अध्यादेश की अनुपालना में होनी चाहिए।
- KGs को याद दिलाया जाता है कि वे अपने आवेदन प्रपत्रों और संबंधित जानकारी के चीनी और अंग्रेज़ी दोनों संस्करण प्रदान करें, और स्कूल वेबपेज पर एक आइकॉन का निर्माण करें या अंग्रेज़ी सरल संदेश प्रदान करें जिससे कि माता-पिता जानकारी के अंग्रेज़ी संस्करण का उपयोग कर सकें। KGs को यह भी याद दिलाया जाता है कि वे स्कूल की वेबसाइट पर स्पष्ट रूप से बताएं कि यदि NCS बच्चों के लिए साक्षात्कार की व्यवस्था की जाती है, तो KGs को जहाँ आवश्यक हो आवेदकों के लिए दुभाषिए और/या अनुवाद सेवा की व्यवस्था की जानी चाहिए या साक्षात्कार के दौरान संचार को सुविधाजनक बनाने के लिए चीनी भाषी रिश्तेदार/दोस्त के साथ माता-पिता और बच्चों को साथ जाने की अनुमति दी जानी चाहिए। KGs को NCS बच्चों को स्कूल के समर्थन, पूछताछ टेलीफोन नंबर और NCS बच्चों के माता पिता के लिए ईमेल एड्रेस की जानकारी स्कूल की वेबसाइट पर उपलब्ध करवानी चाहिए।
- हर वर्ष NCS बच्चों के माता-पिता के लिए नर्सरी (K1) भर्ती के ऊपर माता-पिता सेमीनार आयोजित किए जाते हैं। अनुवाद सेवा जहाँ उपयुक्त हो प्रदान की जाती है।
- शिक्षा विभाग (EDB) द्वारा "KG दाखिले के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के लिए आवेदन पत्र" पर प्रकाशित प्रासंगिक सामग्रियों, जैसे कि पत्रक, इश्तहार, मार्गदर्शक नोट्स और साथ ही प्रचार की घोषणाओं के उपशीर्षक का अनुवाद विविध नस्लों की भाषाओं में किया गया है।
- KG प्रोफाइल, जिसे अंग्रेज़ी और चीनी दोनों में प्रकाशित किया गया है, NCS छात्रों को समर्थन सहित स्कूल की अनेक प्रकार की जानकारी प्रदान करती है, जो स्कूल के ऊपर निर्णय लेने में माता-पिता के लिए एक उपयोगी संदर्भ के रूप में कार्य करती है।
- यदि किसी NCS बच्चे को KGs में भर्ती होने में वाकई परेशानी का सामना करना पड़ रहा हो, तो EDB द्वारा, जहाँ उपयुक्त हो, उन KGs को रेफरल दिया जाएगा जो कि KG शिक्षा योजना (योजना-KGs) में शामिल होते हों और जहाँ रिक्तियां मौजूद हों।

NCS छात्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति

- NCS छात्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने हेतु KGs का समर्थन करने के लिए, विभिन्न स्कूल-आधारित समर्थन सेवाएँ प्रस्तुत की जाती हैं। NCS छात्रों को प्रवेश देने वाले KGs अपने स्कूल के विकास की जरूरतों के अनुसार प्रासंगिक सेवाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- NCS छात्रों को चीनी पढ़ाने और सिखाने पर KG शिक्षकों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं।
- 2019/20 स्कूल वर्ष से शुरू करते हुए, हमने NCS छात्रों को समर्थन के ऊपर अतिरिक्त सब्सिडी में सुधार किया है। NCS छात्रों के लिए उनके समर्थन को सुविधाजनक बनाने के लिए भर्ती किए गए NCS छात्रों की संख्या के अनुसार योजना-KGs में 5-टियर वाली सब्सिडी प्रदान की जाती है। 1 NCS छात्र को भर्ती करने वाले KGs भी सब्सिडी प्राप्त करते हैं। 2021/22 स्कूल वर्ष में पूर्ण-वर्ष म प्रावधान का उच्चतम टियर प लगभग $800,000 है।
- KGs की NCS छात्रों के अभिभावकों के साथ संवाद को मजबूत करने में मदद करने के लिए, ऑडियो फाइल्स के साथ संवाद क्यू कार्ड के एक सेट का और आम तौर पर उपयोग में लिए जाने वाले स्कूल परिपत्रों के लिए टेम्पलेटस के एक सेट का KGs के उपयोग के लिए विभिन्न नस्ल की भाषाओं में अनुवाद किया गया है।
- KG शिक्षा पाठ्यक्रम गाइड में स्थानीय स्कूली परिवेश में NCS छात्रों के घुलने मिलने में मदद करने के साथ-साथ NCS छात्रों को चीनी भाषा सीखने में किस प्रकार से शिक्षक मदद कर सकते हैं इसके ऊपर विशेष रणनीतियों और प्रासंगिक संसाधनों की पेशकश के लिए दिशानिर्देश और सिद्धांत दिए गए हैं।

अन्य जानकारी

अधिक जानकारी या सहायता के लिए, कृपया EDB से संपर्क करें:

क्षेत्रीय शैक्षिक कार्यालयों के टेलीफोन:			
(HK)	2863 4646	(NTE)	2639 4876
(KLN)	3698 4108	(NTW)	2437 7272

किंडरगार्टन और बाल कल्याण केंद्रों के लिए संयुक्त कार्यालयों के टेलीफोन:
3107 2197

KGs में भर्ती पर NCS बच्चों के माता-पिता के लिए हॉटलाइन:
2892 6676

अन्य प्रासंगिक वेबसाइटें:

KG शिक्षा योजना
http://www.edb.gov.hk/free-quality-kg-edu_en

KGs में नर्सरी (K1) कक्षाओं के लिए भर्ती व्यवस्था
http://www.edb.gov.hk/k1-admission_e

KG प्रोफाइल
http://www.chsc.hk/kindergarten/en

NCS छात्रों के लिए शिक्षा सेवाएं
http://www.edb.gov.hk/ncs